मजबूरी प्रशासन से गुहार लगाकर थके ग्रामीण, चिरईडोंगरी पंचायत का भोंगाद्वार मोहल्ला बिजली से वंचित, मोबाइल की टॉर्च से कट रही रातें

30 सालों से अंधेरे में जीने मजबूर 9 परिवार





नवभारत, मंडला। विकास के बड़े-बड़े दावों के बीच मंडला जिले के विकासखंड नारायणगंज की ग्राम पंचायत चिरईडोंगरी के वार्ड नंबर 8 के अंतर्गत आने वाले भोंगाद्वार मोहल्ले में आज भी 9 परिवारों के करीब 40 लोग बिना बिजली के जीवन गुजारने को विवश हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग के समीप स्थित इस बसाहट में ग्रामीण पिछले 30 वर्षों से निवास कर रहे हैं, लेकिन आज तक यहां विद्युतीकरण नहीं हो सका है।

इस मोहल्ले में निवास करने वाले लखन विश्वकर्मा, रामा विश्वकर्मा, जय सिंह विश्वकर्मा, मनीष यादव, मोना यादव, कृष्णा बाई यादव, प्रकाश अहिरवार, सतेन्द्र अहिरवार और सेवक लाल कुशराम के परिवार लंबे समय से मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। ग्रामीणों ने अपनी इस समस्या को लेकर जनसुनवाई में आवेदन देने के साथ-साथ सीएम हेल्पलाइन 181, कलेक्टर, स्थानीय विधायक और केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते तक से गुहार लगाई है, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है।

बच्चों की पढ़ाई हो रही प्रभावित

बताया गया कि बिजली न होने के कारण सबसे अधिक परेशानी रात के समय होती है। ग्रामीण अब मोबाइल की टॉर्च या बैटरी के सहारे रातें गुजारने को मजबूर हैं, क्योंकि पहले मिलने वाला मिट्टी का तेल भी अब उपलब्ध नहीं है। बारिश के मौसम में जहरीले कीड़े, जीव, जंतुओं का खतरा बना रहता है, वहीं बच्चों की पढ़ाई भी पूरी तरह से बाधित हो रही है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से अतिशीघ्र विद्युतीकरण की मांग की है।

इनका कहना है

हम चिरईडोंगरी पंचायत के वार्ड नंबर 8 में विगत 30 साल से निवास कर रहे हैं, लेकिन आज तक यहां नल-जल योजना और लाइट की कोई सुविधा नहीं है। हमने 181, कलेक्टर, विधायक और सांसद तक को शिकायत की है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई शासन की तरफ से सिर्फ आश्वासन मिलता है। बिना लाइट के बहुत दिक्कत है, मिट्टी का तेल मिलता नहीं है, मोबाइल या बैटरी जलाकर बच्चों को पढ़ाना पड़ता है। हम बस यही चाहते हैं कि हमें ये मूलभूत सुविधाएं मिल जाएं।

लखन विश्वकर्मा, ग्रामीण

मैं 30 साल से यहां रह रहा हूं और तब से लाइट की रोशनी नहीं देखी है। पहले मिट्टी का तेल मिल जाता था तो उससे काम चला लेते थे, लेकिन अब वह भी नहीं मिल रहा है। मोबाइल की टॉर्च जलाकर किसी तरह गुजारा करते हैं। बरसात के दिनों में अंधेरे की वजह से कीड़े-कांटे (जहरीले जीव) का डर बना रहता है। हमने कई बार शासन-प्रशासन से शिकायत की, लेकिन हमारी कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

जय सिंह विश्वकर्मा, ग्रामीण

गर्ल्स टायलेट में दरवाजा नहीं, पंखे चलते नहीं

18 लाख के फंड के बावजूद नैनपुर शासकीय कॉलेज बदहाल, प्राचार्य को हटाने की मांग कर रहे छात्र



नैनपुर नवभारत 9 अक्टूबर। मंडला जिले के नैनपुर स्थित शासकीय महाविद्यालय में इन दिनों जमकर हंगामा मचा हुआ है। छात्र-छात्राओं ने प्राचार्य के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है और कॉलेज में 18 लाख रुपये के फंड में गड़बड़ी का आरोप लगाया है।

छात्रों का कहना है कि जनभागीदारी मद में आए 18 लाख रुपये का कोई हिसाब नहीं है। कॉलेज में बिजली के खुले तार हादसे को न्योता दे रहे हैं, पूरे कैंपस में गंदगी का अंबार है। यहां तक कि कॉलेज परिसर में गुटखा, सिगरेट और शराब की बोतलें तक मिलती हैं। आरोप है कि प्राचार्य खुद परिसर में धूम्रपान करते हैं। बी एस सी फर्स्ट ईयर की छात्रा प्रदर्शनी भारद्वाज ने बताया कि हमसे 4000 से 4500 रुपये फीस ली जाती है, लेकिन क्लास में पंखे तक ठीक से नहीं चलते। सबसे बड़ी शर्म की बात ये है कि गर्ल्स वॉशरूम के दरवाजे टूटे हुए हैं, पानी की व्यवस्था नहीं है। हम लड़कियां शिकायत लेकर जाएं तो प्राचार्य हमसे रूडली बात करते हैं।

मामला बढ़ने पर मंडला से 3 सदस्यीय जांच टीम नैनपुर पहुंची। क्त कॉलेज मंडला के जांच अधिकारी डॉ. भुवनेश्वर ने बताया कि उन्हें 3 तरह की शिकायतें मिली हैं। पहली छात्रों की, दूसरी जनभागीदारी सदस्यों की और तीसरी खुद कॉलेज के 12-13 प्रोफेसरों की, जिन्होंने 10 बिंदुओं में प्राचार्य की शिकायत की है।

छात्रावास में वार्डन नहीं-जांच में उन्होंने माना कि अव्यवस्था बहुत ज्यादा है। वॉशरूम गंदे हैं, पीने के पानी की व्यवस्था नहीं है, बिजली के बोर्ड टूटे हैं। लाइब्रेरी और कंप्यूटर रूम आज तक ठीक से नहीं खुला। सबसे बड़ा खुलासा ये हुआ कि छात्रावास में वार्डन नहीं है, बल्कि एक ठेकेदार अवैध रूप से रह रहा है जिसकी कोई लिखित अनुमति तक नहीं है।

प्राचार्य की ओर से सब आरोप खारिज-वहीं दूसरी तरफ प्राचार्य ने अपने ऑफिस में बैठकर सभी आरोपों को गलत बताया। उन्होंने कहा कि कंप्यूटर रूम और लाइब्रेरी समय-समय पर खुलती है, 2-4 दिन से नहीं खुली इसलिए गंदगी लगी है। सफाई रोज होती है, 8 दिन में टीम बनाकर सफाई कराते हैं। बच्चे ज्यादा हैं कोई थूक देता है तो गंदा लगता है। टीचर पढ़ाते नहीं हैं ये आरोप गलत है, मैं खुद निरीक्षण करता हूं। हर कार्यक्रम पूजा-पाठ और अगरबत्ती लगाकर ही शुरू होता है। छात्रावास में जिसे रहने दिया है उसकी परमिशन मैंने ही दी थी।

अब इस पूरे मामले की रिपोर्ट 1 से 2 दिन में जबलपुर भेजी जाएगी। एक तरफ छात्र प्राचार्य को हटाने की मांग पर अड़े हैं, दूसरी तरफ प्राचार्य सभी आरोपों को बेबुनियाद बता रहे हैं। अब देखना होगा कि उच्च शिक्षा विभाग इस पर क्या कार्रवाई करता है।

अधिकारियों ने ग्रामीणों के साथ खेला वॉलीबॉल

मैदान में उतरकर बढ़ाया खिलाड़ियों का उत्साह



मंडला, नवभारत 9 अक्टूबर । जनविश्वास शिविर के समापन अवसर पर ग्राम घुघरा में प्रशासनिक अधिकारियों का खेल के प्रति उत्साहपूर्ण और सहज अंदाज देखने को मिला। जिला पंचायत अध्?यक्ष श्री संजय कुशराम, कलेक्टर श्री राहुल नामदेव धोटे, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री शाश्वत सिंह मीना, पुलिस अधीक्षक श्री राजेश रघुवंशी सहित वन विभाग के डीएफओ श्री एम एस मौर्य, एसडीएम श्री शैलेन्द्र चौधरी एवं अन्य अधिकारियों ने विद्यार्थियों और ग्रामीणों के साथ वॉलीबॉल खेलकर खेल भावना और आपसी सहभागिता का संदेश दिया। अधिकारियों को अपने बीच वॉलीबॉल खेलते देख विद्यार्थियों और ग्रामीणों में खासा उत्साह नजर आया। मैदान में सभी ने पूरे जोश के साथ खेल में भाग लिया। इस दौरान अधिकारियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेलों को जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया।

खेल न केवल शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने में मदद करते हैं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना, नेतृत्व क्षमता और आपसी सहयोग की भावना भी विकसित करते हैं। विद्यार्थियों और ग्रामीणों के साथ अधिकारियों की इस सहभागिता ने प्रशासन और आमजन के बीच आत्मीयता एवं संवाद का सकारात्मक संदेश दिया।

कलेक्टर ने जनविश्वास शिविर में पोषण, शिक्षा और एनीमिया, पीएम आवास, रोजगार संबंधी जानकारी ली

मुंगली एवं मधुपुरी में आंगनवाड़ी से रोजगार तक पड़ताल



मंडला, नवभारत 9 अक्टूबर। जनविश्वास शिविर के तहत कलेक्टर श्री राहुल नामदेव धोटे ने मुंगली एवं मधुपुरी क्षेत्र का भ्रमण कर शासकीय संस्थाओं की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आंगनवाड़ी केंद्र, शासकीय विद्यालय, छात्रावास, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सहित विभिन्न संस्थाओं में व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही ग्रामीण हितग्राहियों से संवाद कर उनकी आजीविका और रोजगार संबंधी गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की।

प्राथमिक शाला में बच्चों से संवाद-कलेक्टर श्री धोटे ने शासकीय प्राथमिक शाला मुंगली पहुंचकर बच्चों से बातचीत की। उन्होंने उनकी पढ़ाई और शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी ली तथा बच्चों को नियमित अध्ययन के लिए प्रोत्साहित किया। भ्रमण के दौरान कलेक्टर श्री धोटे प्रधानमंत्री आवास योजना की हितग्राही श्रीमती सोमवती भारतीय के घर पहुंचे। यहाँ उन्होंने देखा कि परिवार की महिलाएं दोना-पत्तल बनाने का कार्य कर रही हैं। कलेक्टर ने महिलाओं से संवाद कर उनके काम, रोजगार और इससे होने वाली आय के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने इस आजीविका गतिविधि के विस्तार की संभावनाओं पर काम करने की बात कही, ताकि महिलाओं को रोजगार के बेहतर अवसर मिल सकें और उनकी आय में वृद्धि हो।

पीएचसी में ओपीडी और दवा वितरण-प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मधुपुरी के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री धोटे ने ओपीडी की स्थिति, मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं तथा दवा वितरण की जानकारी ली। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में फर्नीचर संबंधी कार्य जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए, जिससे मरीजों और स्वास्थ्यकर्मियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मधुपुरी में कलेक्टर श्री धोटे ने विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी पढ़ाई और भविष्य की योजनाओं के बारे में चर्चा की। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी गंभीरता से करने के लिए प्रेरित किया तथा जेईई और नीट जैसी परीक्षाओं की तैयारी में प्रोजेक्ट संकल्प की सहायता लेने की बात कही।

एक नजर में

शिक्षा के क्षेत्र में मंडला की उपलब्धि, यूडाइस नामांकन में प्रदेश में प्रथम

नवभारत, मंडला। मंडला जिले ने शिक्षा के क्षेत्र में विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। राज्य शिक्षा केन्द्र, भोपाल द्वारा 5 अक्टूबर 2026 को आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में जिले की विभिन्न उपलब्धियों की जानकारी साझा की गई। जिले ने यूडाइस नामांकन में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं राष्ट्रीय मीन्स-कम-मेरिट छात्रवृत्ति परीक्षा में विद्यार्थियों की उपस्थिति के मामले में प्रदेश में चौथा स्थान प्राप्त किया है। इसी प्रकार प्रशस्त ऐप के माध्यम से शिक्षकों को वीडियो प्रसारित एवं दिखाए जाने में मंडला ने प्रदेश में पांचवा स्थान हासिल किया है। पर्यावरण संरक्षण एवं विद्यालयों में हरित गतिविधियों के क्षेत्र में भी जिले का प्रदर्शन सराहनीय रहा। हरित विद्यालय के अंतर्गत मंडला को प्रदेश में पांचवां स्थान प्राप्त हुआ है। वित्तीय प्रबंधन में विद्यालयों को ग्रांट राशि हस्तांतरित किए जाने के मामले में जिले ने प्रदेश में तीसरा स्थान हासिल किया है। वहीं निर्माण कार्यों की प्रगति में भी मंडला जिला प्रदेश के टॉप-5 जिलों में शामिल रहा है।

जनगणना 27 के द्वितीय चरण के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण

नवभारत, मंडला। जनगणना 2027 के द्वितीय चरण में जनसंख्या गणना के लिए 7 से 8 अक्टूबर तक आयोजित जिला स्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ। द्वितीय दिवस जिला जनगणना अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर क्षमा सराफ की उपस्थिति में आयोजित हुआ। इसमें ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों के चार्ज अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, मुख्य नगरपालिका अधिकारी, जनगणना लिपिक एवं तकनीकी सहायक उपस्थित रहे। प्रशिक्षण में सीएमएमएस पोर्टल, पीई एप्लीकेशन एवं स्व-गणना पोर्टल के उपयोग तथा अधिकारियों के दायित्वों की जानकारी दी गई।

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत वीर सैनिकों का किया सम्मान

पुलिस मुख्यालय मंडला में कार्यक्रम आयोजित



मंडला, नवभारत 9 अक्टूबर। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सेवा मेरा योगदान कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को जिला योजना भवन में सैनिक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला पुलिस बल मंडला द्वारा किया गया। सेवा संकल्प अभियान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाया जा रहा है, जो विकसित भारत 2047 के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

समारोह में देश की सेवा कर चुके वीर सैनिकों, भूतपूर्व सैनिकों तथा सैनिकों के सम्माननीय परिजनों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य देश की रक्षा में अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले सैनिकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना तथा समाज में सेवा और राष्ट्रभक्ति की भावना को प्रबल करना रहा।

पुलिस और सेना दो स्तंभ-कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा ने कहा कि सैनिकों का त्याग और अनुशासन हम सभी के लिए प्रेरणा है। पुलिस और सेना दोनों ही राष्ट्र सेवा के दो सशक्त स्तंभ हैं और ऐसे आयोजन से आपसी सम्मान और जुड़ाव बढ़ता है। कार्यक्रम में आर.आई. रक्षित केन्द्र सुनील नागवंशी, कमांडेंट होमगाड साहू सहित जिला पुलिस बल के अधिकारी-कर्मचारी, पूर्व सैनिकगण एवं उनके परिजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

विशेष कैंप में नए एवं छूटे मतदाताओं के जोड़े जा रहे नाम



नवभारत, मंडला। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मध्यप्रदेश संजीव झा द्वारा वीडियो कॉफ्रेंसिंग में निर्देशित किया गया कि समस्त जिलों के प्रत्येक मतदान केंद्र पर 7, 8 एवं 9 अक्टूबर को विशेष कैंप आयोजित किए जाएं। इन कैंपों के माध्यम से नए पात्र मतदाताओं तथा मतदाता सूची में नाम जुड़ने से छूटे पात्र नागरिकों के नाम जोड़ने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। निर्देशों के तहत जिले में प्रत्येक मतदान केंद्र पर विशेष कैंप का आयोजन किया जा रहा है। कैंप के माध्यम से अधिक से अधिक पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में जोड़ा जाएगा। निर्देशों के तहत पात्र मतदाताओं को जोड़ने के लिए फॉर्म-6 के माध्यम से आवेदन कराने तथा संबंधित ऐप के माध्यम से आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कराने पर विशेष जोर दिया गया। नवीन मतदाता पंजीयन के लिए विशेष रूप से शैक्षणिक संस्थानों में जागरूकता गतिविधियां संचालित करने के निर्देश दिए गए। जिले में संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा विशेष कैंपों के आयोजन की तैयारियां सुनिश्चित की जा रही हैं।

मंच पर ग्लिटर आर्ट से छात्र ने बनाया कलेक्टर का पोट्रेट



मंडला। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मधुपुरी के कक्षा 12वीं के होनहार छात्र स्नेह धुर्वे ने अपनी अद्भुत कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए मंच पर लाइव ग्लिटर आर्ट के माध्यम से मंडला कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे का सुंदर चित्र बनाया। छात्र ने अपनी कला, रचनात्मकता और एकाग्रता से उपस्थित लोगों को प्रभावित किया।

स्नेह धुर्वे ने ग्लिटर आर्ट की अनूठी तकनीक का उपयोग करते हुए बेहद आकर्षक अंदाज में कलेक्टर श्री धोटे का चित्र तैयार किया। मंच पर लाइव चित्र निर्माण के दौरान छात्र की कलात्मक कुशलता और आत्मविश्वास देखने को मिला। उसकी इस प्रतिभा ने विद्यार्थियों की रचनात्मक क्षमता और विद्यालय में छिपी प्रतिभाओं को सामने लाने का संदेश दिया। कलेक्टर ने छात्र की इस उपलब्धि पर उसकी प्रतिभा, मेहनत और लगन की सराहना की। उसकी यह प्रस्तुति अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणादायी है।

राज्य स्तरीय जीत के बाद राष्ट्रीय हॉकी टूर्नामेंट खेलेंगी मंडला की दो बेटियां

17 अक्टूबर को राष्ट्रीय मुकाबला



मंडला, नवभारत 9 अक्टूबर । मंडला जिले के लिए गौरव की बात है कि शासकीय संदीपनी विद्यालय, कालपी की बालिका हॉकी टीम राष्ट्रीय नेहरू हॉकी प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। दिल्ली में 9 से 17 अक्टूबर तक आयोजित होने वाली इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में टीम की बालिकाएं खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगी।

कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे, सहायक आयुक्त डॉ. अरुण कुमार शुक्ला एवं जिला क्रीड़ा प्रभारी मंगल सिंह पंद्रे के मार्गदर्शन में टीम ने नेहरू हॉकी शालेय राज्य स्तरीय प्रतियोगिता, सिवनी में शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की और राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपना स्थान सुनिश्चित किया। राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए टीम के कोच विपिन कुजूर एवं टीम मैनेजर राजकुमार बावरिया के साथ क्रीड़ा परिसर कालपी की रेखा बैरागी भी टीम के साथ हैं। टीम की सफलता पर पीटीआईडी.एस. ठाकुर, जमादार सिंह धुर्वे, लीला पंद्रे, गौतम सूर, बिंदु पिल्ले, सीमा, द्रौपदी चीचाम, मिली सिंह, मिनी सिंह, दिनेश बघेल,नवीन चौरसिया, रविंद्र उइके, आलोक कुजूर, श्याम यादव एवं रामफल गौठरिया सहित अन्य लोगों ने बालिकाओं को राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन की कामना की है।

पहल कलेक्टर की पहल से वन समितियों और स्व-सहायता समूहों व आदिवासियों का विकास

महुआ को मिलेगा बाजार, ग्रामीणों की बढ़ेगी आय



मंडला, नवभारत 9 अक्टूबर। मंडला के जंगलों में बिखरा महुआ अब ग्रामीण समृद्धि का नया आधार बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। जिन महुआ फूलों और बीजों का संग्रहण ग्रामीण परिवार वर्षों से परंपरागत तरीके से करते आए हैं, उन्हें अब बेहतर मूल्य दिलाने और उनकी उपयोगिता बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन ने नई पहल की है।

कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे की पहल का उद्देश्य महुआ के संग्रहण से लेकर प्रसंस्करण और बाजार तक ऐसी व्यवस्था विकसित करना है, जिससे जिले के आदिवासी परिवारों को उनकी मेहनत का बेहतर मूल्य मिल सके।

10 हजार से अधिक परिवारों को लाभ-मंडला जिले में महुआ के 55 हजार से अधिक पेड़ हैं। यह 10 हजार से अधिक परिवारों के लिए अतिरिक्त आय का महत्वपूर्ण स्त्रोत है। महुआ फूल और महुआ बीज की सही तरीके से पहचान, संग्रहण, गुणवत्ता संरक्षण और व्यवस्थित बिक्री के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की व्यापक संभावनाएं हैं। इसी संभावना को साकार करने के लिए प्रशासन महुआ को केवल वन उपज तक सीमित न रखते हुए इसे आजीविका और स्थानीय आर्थिक विकास से जोड़ने की दिशा में काम कर रहा है। वर्तमान में ग्रामीण परिवार जमीन पर गिरे महुआ फूलों को एकत्रित करते हैं। इस प्रक्रिया में फूलों के साथ मिट्टी और सिलिका के कण मिल जाने से उनकी गुणवत्ता प्रभावित होती है। इस समस्या के समाधान के लिए महुआ के पेड़ों के नीचे उनके कैनोपी क्षेत्र में नेट लगाने का सुझाव सामने आया है। इससे पेड़ से गिरने वाले फूलों को जमीन के सीधे संपर्क से बचाकर अपेक्षाकृत स्वच्छ स्थिति में एकत्रित करने में मदद मिलेगी।

समितियों और स्व-सहायता समूहों की अहम भूमिका

इस पहल में महुआ फूल और महुआ बीज के संग्रहण एवं विपणन की अलग-अलग व्यवस्थाएं प्रस्तावित की गई हैं। महुआ फूलों का संग्रहण वन समितियों के माध्यम से किया जाएगा तथा उद्योगपति समितियों से इनका क्रय करेंगे। वहीं, महुआ की गुली यानी बीजों के संग्रहण की जिम्मेदारी स्व-सहायता समूहों के फेडरेशन को दी जाएगी और कम्पनियाँ उनसे सीधे खरीद करेंगी। इस व्यवस्था से ग्रामीण उत्पादकों और उद्योगों के बीच सीधा संपर्क स्थापित करने, संग्रहण को व्यवस्थित बनाने और महुआ के व्यावसायिक उपयोग की संभावनाओं को बढ़ाने में मदद मिल सकती है।

दो गुटों के झगड़े में चले चाकू, एक गंभीर

डिंडौरी नाका पड़ाव के पास मारपीट, घायल जबलपुर रेफर



मंडला नवभारत 9 अक्टूबर। शहर के डिंडौरी नाका पड़ाव के पास गुरुवार रात दो गुटों के बीच हुआ विवाद हिंसक हो गया। इस दौरान हुई मारपीट और चाकूबाजी में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी अनुसार घायल युवक पंकज ब्रम्हे स्वामी सीताराम वार्ड का निवासी है। गुरुवार रात वह अपने दो अन्य साथियों के साथ पड़ाव के पास खड़ा था। इसी दौरान पीछे से आए तीन अन्य युवकों से उनकी किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि नौबत मारपीट तक आ गई। इसी बीच एक आरोपी ने पंकज पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। चाकू सीधे पंकज के पेट में जा लगा, जिससे वह लहूलुहान होकर गिर पड़ा। इस झड़प में कुछ अन्य लोगों को भी मामूली चोटें आई हैं।

अफरा-तफरी में हमलावर फरार-चाकूबाजी की घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आरोपी वहां से फरार हो गए। गंभीर रूप से घायल पंकज को तत्काल मंडला जिला अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है। मारपीट में घायल हुए अन्य लोगों की हालत सामान्य बताई जा रही है। एसडीओपी पीयूष मिश्रा ने घटना के संबंध में बताया कि तीन युवकों का दूसरे गुट के तीन युवकों से विवाद हुआ था, जिसके बाद यह चाकूबाजी हुई है। कोतवाली पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए तीन संदिग्ध आरोपियों की पहचान कर ली है और उनकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। फिलहाल विवाद की असल वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है। पुलिस का कहना है कि घायलों के विस्तृत बयान दर्ज होने और पूरी जानकारी मिलने के बाद एफआईआर दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।